कम्युनलिज्म वॉच

RAJIV GANDHI INSTITUTE FOR CONTEMPORARY STUDIES

खंड: 3,अंक-3 1 मार्च- 31 मार्च, 2017

इस अंक में

सांप्रदायिक घटनाएं 2-4

सांप्रदायिक हिंसा और तनाव

- लखीमपुर खीरी में व्हाट्सएप वीडियो से तनाव
- गुजरात में तनाव
- मुरादाबाद में सांप्रदायिक हिंसा
- उड़ीसा में सांप्रदायिक विवाद में हिंसा
- उड़ीसा में पुराने विवाद में हिंसा
- होली के दिन अमेठी में तनाव
- कन्नड़ लेखक के साथ अभद्रता
- बुलंदशहर में भाजपा समर्थकों का उत्पात
- तमिलनाडु में हिंसा
- गुजरात के गाँव में सामान्य विवाद में हिंसा
- बुलंदशहर में गोहत्या से तनाव

शिक्षा का भगवाकरण 9-11

- राजस्थान के स्कूलों को हिंदुत्वादी विचारकों की किताब खरीदने का सर्कुलर
- मध्यप्रदेश के पत्रिका विश्वविद्यालय में नेहरू पाठ्यक्रम से बाहर
- आईसीएचआर का रामसेतु पायलट प्रोजेक्ट
- आरएसएस के कार्यक्रम में सेन्ट्रल यूनीवर्सिटी के कुलपति
- बीबी लाल ने मिथकीय कथा को सही बताया
- राँची विश्वविद्यालय का नाम बदलने की राजनीति

सांप्रदायिक रणनीति 5-9

- आरएसएस करेगा फिल्म फेस्टिवल का आयोजन
- पश्चिम बंगाल में आरएसएस के स्कूलों पर धार्मिक शिक्षण का आरोप
- नागपुर में हिंदूवादी संगठन के दबाव में सीपीएम नेता का कार्यक्रम निरस्त
- बंगाली कवि के खिलाफ पुलिस शिकायत
- राजस्थान में मुस्लिमों के खिलाफ महापंचायत का आयोजन
- आरएसएस के महिला संगठन के प्रसार की रणनीति
- जयपुर होटल में बीफ की अफवाह
- बरेली में मस्जिदों पर लगाया धमकी भरा पोस्टर
- उत्तरप्रदेश में एंटी रोमियो स्कवॉड का गठन
- पश्चिमी यूपी में आरएसएस खोलेगा स्कूल
- गुजरात में विहिप की चुनावी तैयारियां
- पश्चिम बंगाल में आरएसएस का प्रसार
- बंगाल में हिंदू आबादी की राजनीति
- पश्चिम बंगाल में आएसएस का रामनवमी आयोजन
- नोएडा में विहिप ने मांस विक्रेताओं को धमकाया
- कर्नाटक में बजरंग दल ने महिला को धमकाया
- झारखंड में बूचड़खानों को बंद कराने की माँग
- हरियाणा में बूचड़खाने का व्यापारिक लाइसेंस बंद करने की माँग
- गुड़गाँव में जबरन कराया मीट शॉप बंद
- आगरा में धर्मांतरण का विवाद
- आर्कियोलॉजिस्ट के ट्रांसफर का विवाद

न्यायिक और प्रशासनिक प्रक्रिया 11-13

- संभाजी ब्रिगेड के नेता को धमकाने वाले गिरफ्तार
- अजमेर बम विस्फोट केस में दो को उम्र कैद
- हरियाणा गोरक्षा अधिनियम पर याचिका
- कमल हासन पर धार्मिक भावना आहत करने की शिकायत
- अजमेर ब्लॉस्ट केस में एनआईए की चार्जशीट पर सवाल
- सिख दंगों की फिर से जाँच का आदेश
- योगी आदित्यनाथ पर आपत्तिजनक पोस्ट लिखने पर गिरफ्तारी
- राज्यसभा में गोहत्या पर निजी विधेयक
- हत्या के लिए ईनामी राशि की घोषणा पर आरएसएस नेता गिरफ्तार
- अयोध्या विवाद: आपसी बातचीत से हल करें विवाद
- जमशेदपुर में विवादित सोशल पोस्ट पर गिरफ्तारी
- गुजरात में गोहत्या पर उम्र कैद का प्रावधान

विविध 13

- उत्तरप्रदेश में 2010-2015 के दौरान विवादों में कई गुना बढ़त
- यूपी की सांप्रदायिक राजनीति पर डॉक्युमेंटरी

सांप्रदायिक घटनाएं		
सांप्रदायिक हिंसा एवं तनाव		
घटनाएं	**सम्मिलित संगठन/ समूह**	**दिनांक और घटना स्थल**
लखीमपुर खीरी में व्हाट्सएप वीडियो से तनाव उत्तरप्रदेश के जिले लखीमपुर खीरी में आपत्तिजनक वीडियो के कारण सांप्रदायिक विवाद हुआ। दो युवकों ने एक वीडियो बनाया और इसे सोशल मीडिया पर जारी कर दिया। इस मामले में तनाव के दौरान हुई फायरिंग में दो व्यक्ति घायल हो गए। लोगों ने प्रदर्शन किया और कुछ वाहनों में आग लगा दिया। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों को गिरफ्तार किया। http://www.abplive.in/india-news/communal-tension-in-lakhimpur-kheri-curfew-imposed-10-things-to-know-499885 Date Accessed: 3/3/2017	स्थानीय समूह	2/3/2017 लखीमपुर खीरी, उत्तरप्रदेश
गुजरात में तनाव गुजरात के कच्छ जिले के अंजार में तनाव हुआ। बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने दो युवतियों के अपहरण के पीछे एक समुदाय पर आरोप लगाया था। इस घटना को लेकर हिंदूवादी संगठन ने बंद का आयोजन किया। युवतियां 28 फरवरी से लापता हैं। http://www.business-standard.com/article/pti-stories/tension-in-anjar-as-two-women-go-missing-117030400539_1.html Date Accessed: 4/3/2017	बजरंग दल	3/3/2017 कच्छ, गुजरात
मुरादाबाद में सांप्रदायिक हिंसा मुरादाबाद में दो समुदाय के लोगों के बीच हिंसक झड़प हुई। विशेष समुदाय के लोगों ने एक अल्पसंख्यक युवक को विधानसभा चुनावों के दौरान पार्टी विशेष को वोट न देने के कारण गालियां दी। युवक के विरोध करने पर उसके साथ मार-पीट हुई। इसके बाद तनाव के दौरान हुई हिंसा में कई लोग घायल हो गए। http://www.dailypioneer.com/state-editions/communal-violence-spreads-to-moradabad.html Date Accessed:5/3/2017	स्थानीय समुदाय	2/3/2017 मुरादाबाद, उत्तरप्रदेश
उड़ीसा में सांप्रदायिक विवाद में हिंसा उड़ीसा के डेलांग में दो समूहों के पुराने विवाद को लेकर सांप्रदायिक हिंसा हुई। हिंसा के दौरान करीब 12 लोग घायल हो गए और 50 दुकानों को क्षति पहुँची। हिंसा के दौरान दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर हथियारों से हमला किया। http://www.newindianexpress.com/states/odisha/2017/mar/08/communal-violence-rattles-odishas-delang-as-a-dozen-injured-50-shops-looted-in-communal-rivalry-1579144--1.html	स्थानीय समुदाय	8/3/2017 डेलांग, उड़ीसा

Date Accessed:8/3/2017		
उड़ीसा में पुराने विवाद में हिंसा उड़ीसा के खुर्दा जिले में हुई सांप्रदायिक हिंसा में एक युवक गोली लगने से घायल हो गया। घटना पहले के सांप्रदायिक विवाद से जुड़ी हुई है। हमलावरों ने युवक के पैर में तीन गोलियां मारीं। पुलिस ने हमलावरों की पहचान कर ली थी। http://timesofindia.indiatimes.com/city/bhubaneswar/one-hurt-in-khurdas-communal-clash/articleshow/57607940.cms Date Accessed:12/3/2017	स्थानीय समुदाय	12/3/2017 खुर्दा, उड़ीसा
होली के दिन अमेठी में तनाव अमेठी जिले के पीपरपुर थाना इलाके में दो समुदायों के बीच रंग फेंकने को लेकर विवाद हुआ। रामगंज गाँव में हुई हिंसा में 7 लोग घायल हो गए और भीड़ को हटाने के लिए पुलिस ने लाठी चार्ज किया। http://news.webindia123.com/news/Articles/India/20170313/3073082.html Date Accessed: 13/3/2017	स्थानीय समुदाय	13/3/2017 अमेठी, उत्तरप्रदेश
कन्नड़ लेखक के साथ अभद्रता कर्नाटक में हिंदू जागरण वेदिके के दो सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। कन्नड़ लेखक योगेश मास्टर के मुँह पर कालिख पोतने के मामले में गिरफ्तार सदस्य जुड़े हुए हैं। इसके पीछे योजना थी कि हिंदू देवताओं की आलोचना करने वाले लेखक को अपमानित और हतोत्साहित किया जाए। योगेश मास्टर विवादित उपन्यास 'दुंधी' के लेखक हैं । http://www.thehindu.com/news/national/karnataka/hindutva-activists-held-for-attack-on-kannada-writer/article17458942.ece Date Accessed:14/3/2017	हिंदू जागरण वेदिके	13/3/2017 दावनगिरि, कर्नाटक
बुलंदशहर में भाजपा समर्थकों का उत्पात बुलंदशहर में भाजपा का झंडा मस्जिद पर लगाने को लेकर विवाद हुआ। रात में कुछ युवकों ने उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत के बाद मस्जिद की छत पर झंडा लगाने का प्रयास किया। इस पर मुस्लिम समुदाय ने आपत्ति जतायी। http://www.siasat.com/news/bid-hoist-bjp-flag-masjid-sparks-communal-tension-1153340/ Date Accessed: 17/3/2017	भाजपा समर्थक समूह	15/3/2017 बुलंदशहर, उत्तरप्रदेश
तमिलनाडु में हिंसा तमिलनाडु के सेंदुगानल्लूर स्थित पेरूमल मंदिर के पास हो रहे निर्माण को लेकर दो समूहों के बीच धार्मिक तनाव हुआ। एक समुदाय के लोगों ने सीढ़ियों के निर्माण को लेकर आपत्ति जतायी। घटना के दौरान पाँच लोग घायल हो गए और चार वाहन क्षतिग्रस्त हुए। http://www.thehindu.com/todays-paper/tp-national/tp-tamilnadu/20-held-in-connection-with-group-clash/article17693612.ece Date Accessed:28/3/2017	स्थानीय समुदाय	(तारीख अस्पष्ट) सेंदुगानल्लूर, तमिलनाडु
गुजरात के गाँव में सामान्य विवाद में हिंसा		25/3/2017

उत्तरी गुजरात के पाटन के गाँव वाडावली में हुई सांप्रदायिक हिंसा में 10 से अधिक लोग घायल हो गए और एक व्यक्ति की मौत हो गयी। हिंसा के दौरान 40 घरों में आग लगा दी गयी। विवाद की शुरुआत दो छात्रों के बीच हुई सामान्य विवाद से हुई। करीब 5000 लोगों की भीड़ ने गाँव पर हमला किया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 13 लोगों को गिरफ्तार किया। http://deshgujarat.com/2017/03/25/1-dead-10-injured-over-40-houses-torched-in-communal-violence-in-north-gujarat-village/ https://thewire.in/119862/gujarat-patan-communal-violence-muslims/ http://www.ndtv.com/india-news/day-before-riot-gujarat-village-split-sarpanchs-term-for-muslim-hindu-1674486 http://www.outlookindia.com/newswire/story/police-arrest-13-persons-in-connection-with-communal-violence-in-gujarat/967396 Date Accessed:30/3/2017	स्थानीय समुदाय	पाटन, गुजरात
बुलंदशहर में गोहत्या से तनाव बुलंदशहर में एक नहर के पास 6 गायों का शव मिलने के बाद तनाव हुआ। घटना लखनवाड़ा गाँव की है। इस विवाद में हिंदूवादी संगठनों के शामिल होने के बाद से तनाव बढ़ा। गाँव के लोगों ने पुलिस पर पथराव भी किया, जिससे एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। http://timesofindia.indiatimes.com/city/meerut/violence-in-bulandshahr-after-cows-stolen-slaughtered/articleshow/57924908.cms Date Accessed: 31/3/2017	हिंदूवादी संगठन	30/3/2017 बुलंदशहर, उत्तरप्रदेश

सांप्रदायिक रणनीतियां	
सांप्रदायिक संगठन	
रणनीतियां	**सम्मिलित संगठन**
आरएसएस करेगा फिल्म फेस्टिवल का आयोजन कोलकाता में आरएसएस फिल्म फेस्टिवल का आयोजन करेगा। फिल्म समारोह का आयोजन हिंदुत्व विचारधारा को लोगों तक पहुँचाने के लिए किया जाएगा। समारोह का आयोजन विश्व संवाद केन्द्र करेगा जो आरएसएस से जुड़ा हुआ है। http://www.thehindu.com/news/cities/kolkata/rss-to-organise-short-film-festival-in-kolkata-next-month/article17413876.ece Date Accessed:6/3/2017	राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ
पश्चिम बंगाल में आरएसएस के स्कूलों पर धार्मिक शिक्षण का आरोप पश्चिम बंगाल सरकार आरएसएस के स्कूल शारदा शिशु विद्या मंदिर और सरस्वती शिशु मंदिर का लाइसेंस रद्द कर सकती है। 125 प्राइवेट स्कूलों के सर्वे में अस्थाई लाइसेंस के साथ स्कूल चल रहे हैं जो कूच बिहार, उत्तरी दिजनापुर और नाडिया में हैं। पश्चिमी मिदनापुर के एक स्कूल में धार्मिक शिक्षा देने का आरोप है। राज्य भर में आरएसएस के 330 स्कूल चल रहे हैं। http://hindi.catchnews.com/state-news-in-hindi/west-bengal-government-will-cancel-the-licence-of-rss-affiliate-schools-53983.html http://www.prabhatkhabar.com/news/calcutta/story/953279.html Date Accessed: 10/3/2017	राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ
नागपुर में हिंदूवादी संगठन के दबाव में सीपीएम नेता का कार्यक्रम निरस्त राष्ट्रसंत तुकादोजी महराज नागपुर यूनीवर्सिटी में सीपीआई (एम) के नेता सीताराम येचुरी का एक कार्यक्रम निरस्त कर दिया गया। इस कार्यक्रम को लेकर दक्षिणपंथी संगठनों की ओर दबाव डाला जा रहा था। सीताराम येचुरी को लोकतंत्र और इसके मूल्यों पर भाषण देना था। इस मामले में आरएसएस और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पर आरोप है कि उन्होंने कुलपति पर दबाव बनाया। http://www.thehindu.com/news/national/nagpur-university-puts-off-sitaram-yechurys-speech/article17487088.ece Date Accessed:16/3/2017	अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद
बंगाली कवि के खिलाफ पुलिस शिकायत बंगाली कवि सृजितो बंदोपाध्याय की एक कविता को लेकर पुलिस शिकायत दर्ज करायी गयी। हिंदू सम्हति के सदस्य ने अपनी शिकायत में इसे धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला बताया। 19 मार्च को सृजितो ने अभिशाप नाम की कविता सोशल साइट पर पोस्ट की थी। http://www.dnaindia.com/india/report-poem-against-adityanath-srijato-defiant-tmc-calls-complaint-a-move-by-sangh-parivar-to-fan-communal-violence-2362402 Date Accessed: 21/3/2017	हिंदू सम्हति
राजस्थान में मुस्लिमों के खिलाफ महापंचायत का आयोजन	

राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में मुस्लिमों के एक गाँव का बहिष्कार करने के लिए महापंचायत का आयोजन किया गया। एक मुस्लिम व्यक्ति की हिंदू महिला से शादी को हिंदूवादी संगठनों ने लव जेहाद बताया। महापंचायत का आयोजन बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने किया। इस मामले में युवती के परिवार की पुलिस शिकायत के बाद पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। http://www.hindustantimes.com/jaipur/love-jihad-muslims-of-rajasthan-village-boycotted-after-man-elopes-with-hindu-woman/story-MOsm6qcSc692GXfiZPBbpI.html Date Accessed: 22/3/2017	बजरंग दल, विश्व हिंद परिषद
आरएसएस के महिला संगठन के प्रसार की रणनीति आरएसएस की शहर केन्द्रित शाखाओं पर महिलाओं को जोड़ने की कोशिश करेगा। आरएसएस की महिला शाखा राष्ट्र सेविका समिति के 10,000 शाखाओं पर इसे लागू किया जाएगा। कोयंबटूर में आयोजित सम्मेलन में इसका फैसला किया गया। इसके अलावा दक्षिणी राज्यों में आरएसएस पर राज्य प्रायोजित हमले का मुद्दा उठाया जाएगा। तमिलनाडु के ग्रामीण इलाकों में आरएसएस अभी प्रभावी नहीं है जबकि शहरी इलाकों में संगठन का प्रसार हुआ है। http://www.financialexpress.com/india-news/women-in-khaki-rss-to-focus-on-recruiting-more-women-in-urban-sangh-shakhas/597694/ Data Accessed:22/3/2017	राष्ट्र सेविका समिति
जयपुर होटल में बीफ की अफवाह जयपुर में होटल हयात रब्बानी में बीफ परोसने की अफवाह उड़ाई गयी। राष्ट्रीय महिला गौरक्षक संगठन की कार्यकर्ताओं ने होटल के एक कर्मचारी पर आरोप लगाया कि वह गाय को बचा हुआ खाना खिला रहा था जिसमें था। गौरक्षक संगठन ने पुलिस को सूचना दी थी कि होटल में बीफ बन रहा है। 100 से ज्यादा लोग होटल के बाहर जय श्री राम का नारा लगा रहे थे। http://timesofindia.indiatimes.com/city/jaipur/jaipur-hotel-sealed-over-beef-rumours/articleshow/57727656.cms Date Accessed:23/3/2017	राष्ट्रीय महिला गौरक्षक संगठन
बरेली में मस्जिदों पर लगाया धमकी भरा पोस्टर बरेली के दो मस्जिदों में पोस्टर लगाए गए जिसमें कहा गया था कि मुस्लिमों को नमाज के दौरान लाउडस्पीकर का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। अगर ऐसा नहीं किया जाता है तो नमाज नहीं पढ़ने देंगे। पोस्टर 'सभी हिंदुओं की ओर से' जारी किया गया था। पोस्टर पर लिखा था कि हमारी सरकार सत्ता में है। इसलिए नमाज के दौरान लाउडस्पीकर का इस्तेमाल बंद करो। यह केवल चेतावनी नहीं है। इस तरह के पोस्टर बरेली के अलावा दो दर्जन से ज्यादा जगहों पर लगाए गए। http://timesofindia.indiatimes.com/city/bareilly/pamphlets-in-bareilly-mosques-ask-muslims-not-to-use-loudspeakers-while-praying/articleshow/57817956.cms Date Accessed: 24/3/2017	अज्ञात
उत्तरप्रदेश में एंटी रोमियो स्कवॉड का गठन उत्तरप्रदेश की नवनिर्वाचित भाजपा सरकार ने लव जेहाद के अजेंडे को आगे बढ़ाते हुए एंटी रोमियो स्कवॉड बनाने की घोषणा की। हिंदूवादी संगठन लव जेहाद के प्रोपेगैंडा के जरिए मोरल पोलिसिंग करते	उत्तरप्रदेश सरकार

रहे हैं। हालांकि उत्तरप्रदेश पुलिस ने कहा कि यह लड़कियों/महिलाओं की सुरक्षा के लिए है। लेकिन राज्य भर पुलिस की कार्रवाई से लोग प्रताड़ित हुए। हिंदूवादी संगठनों ने खास तौर पर पश्चिमी उत्तरप्रदेश में लव जेहाद का मुद्दा उठाया था और एंटी रोमियो स्कवॉड बनाने का वादा किया था। http://indianexpress.com/article/explained/anti-romeo-love-jihad-experiments-in-moral-policing-in-uttar-pradesh/ Date Accessed:24/3/2017	
पश्चिमी यूपी में आरएसएस खोलेगा स्कूल पश्चिमी उत्तरप्रदेश में आरएसएस गाँवों और गरीब लोगों पर फोकस करेगा। आरएसएस की योजना के अनुसार संगठन गरीब बच्चों के लिए स्कूल खोलेगा और अस्पताल की सुविधा देगा। अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा ने भाजपा शासित राज्यों में आरएसएस की सांगठनिक ताकत को बढ़ाने की रणनीति बनायी है। पहले चरण के तहत उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड में 385 स्कूल खोलने का लक्ष्य है। http://navbharattimes.indiatimes.com/state/uttar-pradesh/meerut/rss-village-will-focus-on-poor/articleshow/57830723.cms Date Accessed: 26/3/2017	राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ
गुजरात में विहिप की चुनावी तैयारियां गुजरात विधानसभा चुनावों के पहले हिंदूवादी संगठनों की तैयारियां दिखने लगी हैं। विहिप ने 26 मार्च को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया, जिसमें लगभग 50,000 कार्यकर्ताओं के शामिल होने की संभावना थी। पिछले एक दशक से विहिप ने गुजरात में इतने बड़े सम्मेलन आयोजित नहीं किए हैं। http://timesofindia.indiatimes.com/city/ahmedabad/vhp-to-sound-hindutva-bugle-ahead-of-guj-polls/articleshow/57832763.cms Date Accessed:26/3/2017	विश्व हिंदू परिषद
पश्चिम बंगाल में आरएसएस का प्रसार पश्चिम बंगाल में आरएसएस का प्रसार हो रहा है। बंगाल में आरएसएस की ईकाई के अनुसार पिछले तीन साल में संघ से जुड़ने वाले लोगों की संख्या में वृद्धि हुई है। और शाखाओं का आयोजन भी बढ़ा है। अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा ने हाल ही में बंगाल को लेकर एक प्रस्ताव किया है जिसमें हिंदुओं की आबादी, मुस्लिमों का तुष्टीकरण और जेहादी तत्वों के बढ़ने को मुद्दा बनाने की बात कही गयी है। http://www.sundayguardianlive.com/news/8882-rss-rapidly-spreading-its-roots-bengal Date Accessed: 26/3/2017	राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ
बंगाल में हिंदू आबादी की राजनीति राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पश्चिम बंगाल और इससे लगे हुए राज्यों में हिंदुओं की आबादी घटने का कथित मुद्दा उठाया है। आरएसएस कार्यवाह मोहन सिंह ने अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा के कार्यक्रम में जनगणना के आँकड़ों को आधार बनाकर कहा है कि पश्चिम बंगाल में हिंदुओं की आबादी तेजी से घटी है। http://timesofindia.indiatimes.com/city/patna/decline-of-hindu-population-in-west-bengal-worries-rss/articleshow/57831904.cms	अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा

Date Accessed: 26/3/2017	
पश्चिम बंगाल में आएसएस का रामनवमी आयोजन पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने रामनवमी के आयोजन को लेकर रणनीति बनायी। खबर के मुताबिक 6 बड़े आयोजनों सहित राज्य में 175 जगहों पर कार्यक्रम किए जाएंगे। आरएसएस इन आयोजनों के जरिए अयोध्या में राम मंदिर बनाने का अजेंडा आगे बढ़ाएगी। http://indianexpress.com/article/india/with-6-mega-rallies-rss-to-support-largest-ever-celebration-of-ram-navami-in-state/ Date Accessed: 29/3/2017	राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ
नोएडा में विहिप ने मांस विक्रेताओं को धमकाया नोएडा में विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर दबाव डाला कि वे चिकेन और मटन की दुकानों को बंद कराएं। विहिप ने धमकी दी कि अगर पुलिस ऐसा नहीं करती हैं तो विहिप कार्यकर्ता कार्रवाई करेंगे। विहिप ने कहा कि चाहे दुकानें पंजीकृत हो या न हों लेकिन उन्हें मांस बेचने नहीं देंगे। http://timesofindia.indiatimes.com/city/noida/shut-down-meat-shops-or-we-will-vhp-tells-cops/articleshow/57845238.cms Date Accessed:27/3/2017	विश्व हिंदू परिषद
कर्नाटक में बजरंग दल ने महिला को धमकाया कर्नाटक के उडुपी जिले के तालुका कर्कला में बजरंग दल के 8 कार्यकर्ताओं के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि बजरंग दल कार्यकर्ता दुर्गा गाँव में एक घर में घुस गए और एक महिला को जान से मारने की धमकी दी। कार्यकर्ताओं का कहना था कि महिला के घर में गाय काटी गयी है। संगठन ने पिछले महीनों के दौरान कर्कल और मूडबिडरी में तनाव फैलाने की कोशिश की है। http://www.daijiworld.com/news/newsDisplay.aspx?newsID=444607 http://www.thehindu.com/news/national/karnataka/case-booked-against-cow-vigilante-group/article17684822.ece Date Accessed: 27/3/2017	बजरंग दल
झारखंड में बूचड़खानों को बंद कराने की माँग झारखंड में अवैध बूचड़खानों को बंद करने और पशु तस्करी पर प्रतिबंध लगाने की माँग की। 6 से अधिक हिंदूवादी संगठनों ने इस मांग के लिए अभियान चलाने की बात कही। इन संगठनों में हिंदू जागरण मंच, बजरंग दल और झारखंड गौ रक्षा दल प्रमुख हैं। संगठनों ने संयुक्त तौर पर हस्ताक्षर अभियान चलाया और मशाल जलाकर प्रदर्शन किया। http://www.hindustantimes.com/ranchi/jharkhand-goes-up-way-pressure-mounting-for-ban-on-slaughter-houses/story-tcxfBfAMqtfPwrxUpZxc4I.html Date Accessed: 28/3/2017	हिंदू जागरण मंच, बजरंग दल, झारखंड गौरक्षा दल
हरियाणा में बूचड़खाने का व्यापारिक लाइसेंस बंद करने की माँग हरियाणा गोसेवा आयोग के अध्यक्ष भानी राम मंगला ने राज्य सरकार से माँग की है कि बूचड़खाने के लिए व्यापारिक लाइसेंस देना बंद कर दिया जाए। हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी ने गौरक्षा के मुद्दे को गौरक्षक संगठनों के साथ आगे बढ़ाया है। हरियाणा में मेवात खास तौर पर इन संगठनों के निशाने पर	हरियाणा गोसेवा आयोग

है। http://indiatoday.intoday.in/story/up-yogi-adityanath-haryana-cow-protection-and-enrichment-unit-bjp-illegal-slughterhouses/1/914381.html Date Accessed: 28/3/2017	
गुड़गाँव में जबरन कराया मीट शॉप बंद गुड़गाँव में 20 मार्च को बजरंग दल ने चिकेन और मटन की दुकानों को बंद कराने के लिए प्रशासन को पत्र लिखा। इसके अगले दिन अलग-अलग समूहों में बजरंग दल, हिंदू क्रांति दल और शिवसेना ने जबरन दुकानें बंद करायीं। http://indianexpress.com/article/india/day-after-meat-shops-forced-to-shut-in-gurgaon-row-over-letter-shiv-sena-says-not-our-men-4591760/ Date Accessed: 30/3/2017	बजरंग दल, हिंदू क्रांति दल, शिवसेना
आगरा में धर्मांतरण का विवाद आगरा में शमसाबाद थाना क्षेत्र में हिंदूवादी संगठनों ने धर्मांतरण का मुद्दा उठाया। बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि गोपालपुरा मोहल्ले में एक हिंदू परिवार के घर में धर्मांतरण किया जा रहा है। खबर में घटना के सभी पक्ष स्पष्ट नहीं है। लेकिन पुलिस ने बजरंग दल की सूचना के आधार पर कार्रवाई की। http://www.patrika.com/news/agra/bajrang-dal-members-caught-religious-change-accused-in-shamsabad-agra-up-hindi-news-1540522/ http://indianexpress.com/article/india/six-held-for-forced-conversion-bid-christianity-dalit-woman-4593244/ Date Accessed: 30/3/2017	बजरंग दल
आर्कियोलॉजिस्ट के ट्रांसफर का विवाद तमिलनाडु के कीझाडी में मिले पुरातात्विक अवशेष और उससे मिल रहे निष्कर्षों को लेकर राजनीति करने का आरोप लग रहा है। 200 ईसापूर्व के अवशेषों से पता चलता है कि दक्षिण भारत में काफी समय पहले से धर्मनिरपेक्ष सभ्यता विकसित हुई। कहा जा रहा है कि इस तरह के निष्कर्षों के कारण पुरातत्ववेत्ता अमरनाथ रामकृष्ण का ट्रांसफर कर दिया गया। अमरनाथ रामकृष्ण ने सेन्ट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल में ट्रांसफर को चुनौती दी है। https://scroll.in/article/833255/transfer-of-archaeologist-from-history-defining-sangam-era-site-leads-to-uproar-in-tamil-nadu Date Accessed: 31/3/2017	ऑर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, भारत सरकार
शिक्षा का भगवाकरण	
राजस्थान के स्कूलों को हिंदुत्वादी विचारकों की किताब खरीदने का सर्कुलर राजस्थान सरकार ने सेकेंडरी स्कूल को सर्कुलर जारी किया है कि स्कूल दीनदयाल उपाध्याय की किताब खरीदें। 15 खंडों की किताब का संपादन भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ने किया है। इसमें दीनदयाल उपाध्याय के भाषण और उनका लेखन संकलित है। इससे पहले सरकार ने स्कूलों को निर्देश दिया था कि स्कूल के.बी. हेडगेवार की जीवनी खरीदें।	राजस्थान सरकार

http://www.deccanherald.com/content/601901/rajasthan-govt-must-withdraw-circular.html Date Accessed: 18/3/2017	
मध्यप्रदेश के पत्रिका विश्वविद्यालय में नेहरू पाठ्यक्रम से बाहर मध्यप्रदेश के माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में नेहरू काल के समाजवाद के बारे में नहीं पढ़ाया जाएगा। नए पाठ्यक्रम में पंडित दीन दयाल उपाध्याय के बारे में पढ़ाया जाएगा। इससे पहले भी कुलपति बी.के. कुठियाला पर विश्वविद्यालय के भगवाकरण का आरोप लगता रहा है। http://www.hindustantimes.com/education/nehru-studies-out-deendayal-in-at-bhopal-varsity-congress-cries-saffronisation/story-pEapRrGL0ydGIeXoCEdh8N.html Date Accessed: 22/3/2017	माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय, मध्यप्रदेश
आईसीएचआर का रामसेतु पायलट प्रोजेक्ट भारतीय पुरातात्विक शोधकर्ताओं और इतिहासकारों का दल इस साल राम सेतु का अध्ययन करेगा और पता लगाएगा कि यह बनाया गया है या प्राकृतिक है। इंडियन काउंसिल ऑफ हिस्टॉरिकल रिसर्च राम सेतु पायलट प्रोजेक्ट के तहज दो हफ्ते तक 15-20 शोधकर्ताओं को प्रशिक्षित करेगा। भारत सरकार ने 2007 में सुप्रीम कोर्ट को दिए गए जवाब में कहा था कि राम सेतु बनाने का कोई ऐतिहासिक प्रमाण मौजूद नहीं है। http://timesofindia.indiatimes.com/india/indian-council-of-historical-research-to-look-for-material-evidence-of-rama-setu/articleshow/57817237.cms Date Accessed: 24/3/2017	इंडियन काउंसिल ऑफ हिस्टॉरिकल रिसर्च
आरएसएस के कार्यक्रम में सेन्ट्रल यूनीवर्सिटी के कुलपति आरएसएस की संस्था प्रज्ञा प्रवाह द्वारा आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के 51 कुलपतियों सहित 721 अकैदमीशियन शामिल हुए। आरएसएस के दो दिन के कार्यक्रम ज्ञान संगम का विषय शिक्षा के भारतीयकरण का था। http://www.news18.com/news/india/51-vcs-attend-rss-workshop-on-making-education-more-indian-1364559.html Date Accessed:27/3/2017	प्रज्ञा प्रवाह (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ)
बीबी लाल ने मिथकीय कथा को सही बताया भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के पूर्व निदेशक और विवादास्पद आर्कियोलॉजिस्ट बीबी लाल ने दावा किया है कि मनु से जुड़ी जल प्रलय की कहानी वास्तव में हुई थी। इस संबंध में बीबी लाल ने आईसीएचआर की ओर से आयोजित सेमिनार में रिसर्च पेपर पेश किया। बीबी लाल अयोध्या में विवादित ढांचे के उत्खनन से जुड़े हुए हैं। http://www.ptinews.com/news/8546537_Manu-s-flood-a-reality--says-archaeologist-at-ICHR-meet.html Date Accessed: 27/3/2017	इंडियन काउंसिल हिस्टॉरिकल रिसर्च ऑफ इंडिया
राँची विश्वविद्यालय का नाम बदलने की राजनीति राँची विश्वविद्यालय का नाम बदलकर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय कर दिया गया है। इस निर्णय के खिलाफ आदिवासी छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया। आदिवासी छात्र संघ के नेतृत्व में सैकड़ों छात्रों ने कैंपस के भगवाकरण का मुद्दा उठाया। झारखंड छात्र मोर्चा ने सुझाव दिया है कि यूनीवर्सिटी का नाम परमवीर अल्बर्ट एक्का के नाम पर हो।	झारखंड सरकार

http://www.hindustantimes.com/ranchi/tribal-students-body-locks-ranchi-college-over-saffronisation/story-ilbZrnYkb5l1GhoWYoXSvK.html Date Accessed: 30/3/2017	

न्यायिक और प्रशासनिक प्रक्रिया

संभाजी ब्रिगेड के नेता को धमकाने वाले गिरफ्तार

संभाजी ब्रिगेड के नेता और इतिहास के शोधकर्ता श्रीमंतर कोकटे को धमकाने के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया। कोकटे को शिवा जी पर भाषण करने और महाराष्ट्र के इतिहास के दूसरे पहलुओं पर बोलने के लिए धमकी दी जा रही थी। कोकटे ब्राह्मणवादी व्याख्याओं के मुखर आलोचक रहे हैं।

http://www.thehindu.com/news/national/other-states/2-held-for-threatening-sambhaji-brigade-leader/article17463579.ece
Date Accessed:15/3/2017

अजमेर बम विस्फोट केस में दो को उम्र कैद

अजमेर दरगाह बम विस्फोट केस में एनआईए की विशेष अदालत ने आरएसएस के भवेश पटेल और देवेन्द्र गुप्ता को उम्र कैद की सजा सुनाई और जुर्माना लगाया। एक अन्य दोषी सुनील जोशी की हत्या हो गयी थी। इस मामले में 5 लोगों को बरी कर दिया गया। जिसमें असीमानंद, इंद्रेश कुमार शामिल हैं।

http://aajtak.intoday.in/story/ajmer-blast-case-two-including-a-former-rss-worker-get-life-imprisonment-1-919024.html
Date Accessed: 22/3/2017

हरियाणा गोरक्षा अधिनियम पर याचिका

पंजाब और हरियाणा हाइकोर्ट ने हरियाणा सरकार को गोरक्षा अधिनियम पर जवाब देने को कहा है। अदालत ने यह निर्देश एक याचिका की सुनवाई के दौरान दिया। याचिका में कहा गया था कि राज्य सरकार ने इसे लागू करने के लिए मौलिक अधिकारों का हनन किया और आम लोगों के नजरिए की अनदेखी की। इस अधिनियम के लागू होने से बड़ी संख्या में लोग बेरोजगार हो गए।

http://timesofindia.indiatimes.com/city/chandigarh/hc-notice-to-haryana-on-plea-against-cow-protection-act/articleshow/57781877.cms
Date Accessed: 23/3/2017

कमल हासन पर धार्मिक भावना आहत करने की शिकायत

हिंदू मक्कल काची ने तमिलनाडु में फिल्म अभिनेता कमल हसन के खिलाफ धार्मिक भावना आहत करने की पुलिस शिकायत की। कमल हासन ने महाभारत पर टिप्पणी करते हुए कहा था पांचाली को जुए के खेल में प्यादे की तरह इस्तेमाल किया गया और पुरुष जुआ खेलते रहे। और भारत में इस किताब को सम्मान की नजर से देखा जाता है।

http://www.oneindia.com/india/pro-hindu-group-files-pil-against-kamal-haasan-alleged-derog-2381194.html
Date Accessed: 22/3/2017

अजमेर ब्लॉस्ट केस में एनआईए की चार्जशीट पर सवाल

अजमेर दरगाह ब्लास्ट केस में आरोपी रतेश्वर और असीमानंद ने बयान दिया था कि सुनील जोशी ने योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी। बाद में असीमानंद ने बयान वापस ले लिया। रतेश्वर को एनआईए की विशेष अदालत ने रिहा कर दिया। एनआईए की चार्ज-शीट में समझौता एक्सप्रेस ब्लॉस्ट केस में आरोपियों की गोरखपुर जाने की बात कही गयी है। लेकिन चार्जशीट में इसका उल्लेख नहीं है कि आरोपियों ने किससे मुलाकात की।

http://www.catchnews.com/politics-news/why-didn-t-yogi-adityanath-inform-police-about-hindutva-terrorist-sunil-joshi-55693.html
http://www.nia.gov.in/writereaddata/Portal/CasesPdfDoc/CS_20-06-2011_-RC-09-2010-DLI-1.pdf
Date Accessed:25/3/2017

सिख दंगों की फिर से जाँच का आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी द्वारा बंद कर दिए गए 199 केस की फिर से जाँच करने के लिए कहा है। केस 1984 के सिख दंगों से संबंधित हैं। जस्टिस दीपक मिश्रा की बेंच ने गृहमंत्रालय को निर्देश दिया कि तीन हफ्तों के भीतर इससे संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएं।

http://www.dnaindia.com/india/report-supreme-court-orders-199-files-of-84-sikh-riots-to-be-re-examined-2367449
Date Accessed: 25/3/2017

योगी आदित्यनाथ पर आपत्तिजनक पोस्ट लिखने पर गिरफ्तारी

योगी आदित्यनाथ पर आपत्तिजनक पोस्ट के मामले में ग्रेटर नोएडा पुलिस ने राहत खान नाम के युवक को गिरफ्तार किया। इसकी शिकायत हिंदू युवावाहिनी ने की थी। पुलिस ने बयान दिया है कि आरोपी राहत खान ने योगी आदित्यनाथ को अपमानित करने वाली पोस्ट लगायी थी। आरोपी के परिवार ने आरोप लगाया है कि दूसरे कारणों से उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है।

http://www.hindustantimes.com/noida/offensive-facebook-post-on-yogi-rahat-khan-s-bail-plea-will-be-heard-on-monday/story-PBQD9y05GB9iXui2veWYgJ.html
Date Acccessed: 25/3/2017

राज्यसभा में गोहत्या पर निजी विधेयक

राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने राज्य सभा में निजी विधेयक पेश किया। गौ संरक्षण विधेयक, 2017 में गोहत्या को रोकने के लिए प्राधिकरण बनाने का प्रस्ताव किया गया है। इस विधेयक में जिक्र किया गया है कि महात्मा गाँधी की इच्छा थी कि गो-हत्या पर प्रतिबंध लगाया जाए। विधेयक में गाय मारने पर मौत की सजा का प्रावधान करने की बात कही गयी है।

http://indianexpress.com/article/india/subramanian-swamy-bill-seeks-death-penalty-for-cow-slaughter-4584486/
Date Accessed:25/3/2017

हत्या के लिए ईनामी राशि की घोषणा पर आरएसएस नेता गिरफ्तार

केरल के मुख्यमंत्री पी. विजयन की हत्या करने पर 1 करोड़ रुपए देने की घोषणा करने वाले आरएसएस नेता कुंदन चंद्रावत को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। 1 मार्च को जन अधिकार समिति के कार्यक्रम में कुंदन चंद्रावत ने ऐसी घोषणा की थी। उज्जैन की अदालत ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

http://www.newindianexpress.com/states/kerala/2017/mar/28/rss-man-who-announced-rs-1-crore-for-kerala-cm-pinarayi-vijayans-head-arrested-1586933.html
Date Accessed:28/3/2017

अयोध्या विवाद: आपसी बातचीत से हल करें विवाद

आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने सुप्रीम कोर्ट की मध्यस्थता के साथ मामले को अदालत से बाहर सुलझाने पर सहमति जताया है। 21 मार्च को सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस खेहर ने कहा था कि दोनों पक्षों को अदालत से बाहर बातचीत के जरिए हल निकालना चाहिए।

http://timesofindia.indiatimes.com/india/babri-disoute-aimplb-open-to-out-of-court-talks/articleshow/57883944.cms
http://hindi.firstpost.com/india/ram-mandir-ayodhya-controversy-how-much-feasible-it-would-be-to-find-a-solution-of-ayodhya-dispute-19372.html
Date Accessed: 30/3/2017

जमशेदपुर में विवादित सोशल पोस्ट पर गिरफ्तारी

जमशेदपुर के परसुडीह पुलिस ने मोहम्मद अशरफ को आपत्तिजनक सोशल पोस्ट के आरोप में गिरफ्तार किया गया। विहिप और बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया था कि आरोपी ने हिंदू देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। पुलिस ने कहा है कि जाँच के दौरान आरोपी ने अपराध स्वीकार किया है।

http://timesofindia.indiatimes.com/city/jamshedpur/man-held-for-hurting-religious-sentiments/articleshow/57934662.cms
Date Accessed:31/3/2017

गुजरात में गोहत्या पर उम्र कैद का प्रावधान

गुजरात विधानसभा ने गोहत्या की सजा को सात साल से बढ़ाकर उम्र कैद में बदल दिया। विधानसभा में पेश विधेयक पारित होने के बाद गुजरात इतनी सख्त सजा का प्रावधान करने वाला पहला राज्य बन गया है। इसमें दोषी को 1 लाख रूपए जुर्माना देना होगा।

http://www.hindustantimes.com/india-news/cow-slaughter-now-punishable-with-life-in-jail-as-gujarat-assembly-passes-amendments/story-w6HhvEAqTU86dsLJC0NhOM.html
Date Accessed: 31/3/2017

विविध

उत्तरप्रदेश में 2010-2015 के दौरान विवादों में कई गुना बढ़त

2010 से 2015 के दौरान उत्तरप्रदेश में सांप्रदायिक घटनाओं की संख्या में बढ़त देखी गयी। डीजीपी कार्यालय, उत्तरप्रदेश के आँकड़ों के अनुसार 75 जिलों में वर्ष 2015 के दौरान 3,601 घटनाएं दर्ज की गयीं। जबकि 2000 में कुल 600 घटनाओं का रिकार्ड है। सबसे ज्यादा हिंसा पश्चिमी उत्तरप्रदेश के जिलों में हुई और गाँव, कस्बे, शहर पर इसका असर हुआ।

http://www.business-standard.com/elections/uttar-pradesh-assembly-elections-2017/up-election-results-2017-violence-rises-five-fold-in-5-years-politics-turns-communal-117022800139_1.html
Date Accessed:11/3/2017

यूपी की सांप्रदायिक राजनीति पर डॉक्युमेंटरी

2011 की डॉक्युमेंटरी 'भगवा युद्ध' दिखाती है कि किस तरह योगी आदित्यनाथ ने सांप्रदायिक राजनीति को बढ़ावा दिया है। डॉक्युमेंटरी में दिखाया गया है कि योगी कैसे सार्वजनिक सभा में सांप्रदायिक भाषण दे रहे हैं। फिल्म दिखाती है कि योगी आदित्यनाथ ने किस तरह गोरखनाथ मंदिर के मूल विचार के विपरीत जाकर काम किया और बहुधर्मी आस्था के केन्द्र का हिंदुत्वकरण कर दिया।

https://video.scroll.in/832182/watch-this-documentary-explains-how-up-cm-adityanath-used-communal-poison-to-build-his-politics
Date Accessed:18/3/2017

Connect with RGICS at: info@rgics.org; www.rgics.org

सूचना: यह केवल निजी प्रसार के लिए है। सभी लेख, खबरें मूल लेखों और खबरों का सार-संक्षेप है और इनके शीर्षकों में कहीं-कहीं बदलाव किया गया है।